प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 04.10.2023 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जबलपुर में 12 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।
- केन-बेतवा लिंक परियोजना को मिली केंद्र सरकार की हरी झंडी, मुख्यमंत्री ने कहा- बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने की योजना।
- उज्ज्वला योजना में LPG सिलेंडर पर सब्सिडी 300 रुपए हुई, अब करीब 608 रुपए में मिलेगा सिलेंडर।

और

- भारत ने एशियाई खेलों में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, अब तक 17 स्वर्ण सहित 78 पदक जीतकर चौथे स्थान पर।

अब समाचार विस्तार से.....

प्रधानमंत्री जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जबलपुर में सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों में 12 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

श्री मोदी रानी दुर्गावती स्मारक की आधारशिला भी रखेंगे. यह स्मारक सौ करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है. श्री मोदी यहां के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित एक सभा को सम्बोधित करेंगे। सभा के लिए 8 एकड़ में तीन डोम लगाए गए हैं।

प्रधानमंत्री इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 128 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित घरों में गृह प्रवेश कराएंगे. इन घरों से 1000 से अधिक परिवारों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री मंडला, जबलपुर, सिवनी और डिंडोरी जिलों में करीब ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई जल जीवन मिशन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। प्रधानमंत्री प्रदेश में सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 4800 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

केन-बेतवा लिंक परियोजना

केन-बेतवा लिंक परियोजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड के लिए आज सौभाग्य का दिन है, केन-बेतवा लिंक परियोजना की स्वीकृति से बुंदेलखंड को बहुत राहत मिलेगी। यह बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने का अभियान है। इस परियोजना से 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और लगभग 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा. उन्होंने कहा कि 103 मेगावॉट हाइड्रो पॉवर और 27 मेगावॉट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी लगेगा।

कौशल उन्नयन महाकुंभ

भोपाल में आज कौशल उन्नयन महाकुंभ का आयोजन किया गया है। इसमें संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा के चार नवीन ग्लोबल स्किल पार्क का शिलान्यास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अब से कुछ देर बाद इस कार्यक्रम में भोपाल,  इंदौर ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम और भिण्ड में कुल नौ शासकीय संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी करेंगे, साथ ही मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में स्टाइपेंड भी वितरित करेंगे।

फसल पंजीयन तिथि

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए किसान पंजीयन की निर्धारित अंतिम तिथि 5 अक्तूबर से बढ़ा दी गयी है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार पंजीयन की अवधि को अब 15 अक्टूबर कर दिया गया है। समर्थन मूल्य योजना का लाभ लेने के लिए किसान अब 15 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते है।

एसबीआई-मोबाइल उपकरण

भारतीय स्टेट बैंक ने आज मोबाइल उपकरण की शुरुआत की. इससे बैंक के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होंगी. इस उपकरण से ग्राहकों को घर बैठे नकदी की निकासी, नकदी जमा करने, धनराशि के हस्तांतरण, बकाया राशि की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी. इस उपकरण से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को विशेष लाभ होगा।

कैबिनेट-निर्णय

केंद्र सरकार ने आज उज्ज्वला योजना में 14 किलो 200 ग्राम गैस वाले आम LPG सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने की घोषणा की। भोपाल सहित प्रदेश में सब्सिडी के साथ यह सिलेंडर पहले करीब 708 रुपए में मिल रहा था, अब लगभग 608 रुपए में मिलेगा।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है। इससे पहले अगस्त में रक्षाबंधन से ठीक पहले सरकार ने एलपीजी सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। ये कटौती सभी के लिए की गई थी।

बेटी की पेटी-श्योपुर

श्योपुर जिले में अनूठे नवाचार के तहत बेटी की पेटी लगायी जा रही हैं. ये पेटियां समस्त बालिका छात्रावासों, स्कूलों और अन्य सार्वजानिक स्थानों पर लगायी जा रही हैं. कलेक्टर संजय कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि शाक्तिमा अभियान के तहत महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से बेटी की पेटी लगाई जा रही है।

इस पेटी को कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर खोला जायेगा तथा उसमें प्राप्त पत्रों और सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जाएगी । इस पेटी में बालिकाएं अपने स्वास्थ्य, शिक्षा, छात्रावास की समस्याएं या कोई भी निजी परेशानी, दुर्व्यवहार सहित हर प्रकार की समस्याओं को अपने नाम से या बगैर नाम से भी लिखकर डाल सकेंगी।

एशियाई खेल

चीन के हांगचोओ में 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज अब तक दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। पुरूष जेवलिन थ्रो में ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया ।

पदक तालिका में भारत 18 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित 81 पदक जीतकर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत का ये एशियाई खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय दल ने पिछले एशियाई खेलों के 70 पदकों को पीछे छोड़ा। स्कवॉश में दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने फाइनल में प्रवेश किया। सिंगल्स में सौरव घोषाल ने भी फाइनल में जगह बनाई। हॉकी में भारतीय पुरूष टीम ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

- आयुष्मान भव के तहत नर्मदापुरम के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोलरिया में विकासखंड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा और सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने किया।
- मुरैना जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कुल 53 हजार से अधिक मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।
- खण्डवा जिले के आकांक्षी ब्लॉक छैगांवमाखन के सभी हैल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, यहाँ 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जा रहा हैं।
- शिवपुरी के मंगलम केंद्र पर आज दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।
- देवास में मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत जिला जेल परिसर में कैदियों को मद्यपान, धूम्रपान, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई.
- झाबुआ में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक में अमृत 2.0 के अंतर्गत तैयार की गई जल प्रदाय एवं वाटर बॉडी रिज्यूविनेशन परियोजना की डीपीआर पर चर्चा की गई। और

- नीमच में 67 वी राज्यस्तरीय शालेय जूडो क्रीडा प्रतियोगिता में 14 और 17 वर्ष के बालक- बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 अक्टूबर तक नीमच सिटी में किया गया है।

-----------------------